बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800001

64वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा

शुद्धि–पत्र

64वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 02.08.2018 को विज्ञापन प्रकाशित करते हुए सुयोग्य उम्मीदवारों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

नीचे दी गयी सारणी में अंकित 04 पदों पर नियुक्ति प्रथम बार बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा की जा रही है। इसके पूर्व इन पदों पर नियुक्ति बिहार राज्य कर्मचारी चयन आयोग, पटना द्वारा आयोजित स्नातक स्तर सम्मिलित प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से की जाती रही है। बिहार राज्य कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा दिनांक 01.08.2014 को उम्र सीमा का Cut-off मानते हुए अंतिम बार परीक्षा का आयोजन किया गया है। तदालोक में निम्नांकित चार पदों हेतु अधिकत्तम उम्र सीमा की तिथि को संशोधित करते हुए 01.08.2018 के स्थान पर 01.08.2015 निर्धारित की जाती है :–

क्र॰सं॰	विभाग का नाम	पद का नाम
1.	खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग	आपूर्ति निरीक्षक
2.	श्रम संसाधन विभाग	श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी
3.	अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग	प्रखंड अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण पदाधिकारी
4.	पंचायती राज विभाग	प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी

वैसे उम्मीदवार जो दिनांक 01.08.2018 को अधिकतम उम्र सीमा के कारण आवेदन नहीं भर पाये हैं, सिर्फ उन्हीं उम्मीदवारों के लिए उक्त चार पदों हेतु उम्र सीमा में निम्नांकित रूप से संशोधन किया जाता है:–

क्र॰सं॰	कोटि	उम्र सीमा
1.	अनारक्षित (पुरूष)	01.08.1978 से 31.07.1981
2.	अनारक्षित (महिला), अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला)	01.08.1975 से 31.07.1981
3.	अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला)	01.08.1973 से 31.07.1981
4.	बिहार राज्य के सरकारी सेवक जो तीन वर्षों की निरन्तर सेवा पूर्ण कर चुके हों	01.08.1970 से 31.07.1981
5.	निशक्त (विकलांग) उम्मीदवार	01.08.1968 से 31.07.1981

उपर्युक्त कोटियों से सामने अंकित **उम्र सीमा के अन्दर आनेवाले उम्मीदवार को ही नये सिरे से रजिस्ट्रेशन करते हुए ऑनलाईन आवेदन भरने की अनुमति दी जाती है। उपर्युक्त कोटि के सामने अंकित उम्र सीमा के अतिरिक्त आवेदन भरने वाले अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी आयोग द्वारा स्वतः रद्द कर दी जायेगी एवं उनके द्वारा दिया गया परीक्षा शुल्क भी वापस नहीं किया जायेगा।**

विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

64वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा के अन्तर्गत उपर्युक्त वर्णित 04 पदों के लिए ऑनलाईन आवेदन भरने से संबंधित तिथि एवं अन्य निर्देश निम्नवत है:–

क्र॰सं॰	ऑनलाईन आवेदन संबंधी प्रक्रिया	तिथि
1.	रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) की तिथि	06.11.2018 से 12.11.2018 तक
2.	परीक्षा शुल्क भुगतान करने की तिथि	16.11.2018 तक
3.	ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि	20.11.2018 तक

नोट 1. जिस तिथि को रजिस्ट्रेशन किया गया है उसके अगले तिथि को पूर्वाह्न 11.00 बजे के बाद परीक्षा शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के लिए आवेदक को लिंक उपलब्ध होगा।

2. जिस तिथि को भुगतान किया गया है उसके अगले तिथि को पूर्वाह्न 11.00 बजे के बाद आवेदन को ऑनलाईन Application Form भरने के लिए आवेदक को लिंक उपलब्ध होगा। अभ्यर्थी दिनांक – 16.11.2018 तक निश्चित रूप से भुगतान कर लें।

3. उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में विस्तृत सूचना/विवरणी/जानकारी एवं ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु निर्देश आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर दिनांक 02.08.2018 को प्रदर्शित है।

4. अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने के पूर्व वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे।

5. उपर्युक्त विज्ञापन से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आयोग के दूरभाष संख्या– 0612–2215795 पर कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

नोट 2: दिनांक 29.10.2018 को प्रकाशित विज्ञापन संख्या – 08/2018, सहायक, बिहार लोक सेवा आयोग के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन भरने से संबंधित प्रक्रिया (रजिस्ट्रेशन, परीक्षा शुल्क भुगतान एवं ऑनलाईन आवेदन) दिनांक 06.11.2018 से 20.11.2018 तक स्थगित रहेगी। विज्ञापन संख्या – 08/2018 के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन भरने की तिथि की घोषणा बाद में की जायेगी।

5.11.18

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना